http://www.onlineBU.com

# AF-2065

B.A. (Part - II)
Term End Examination, 2017-18

Paper - I

Hindi Literature

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

## इकाई - I

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) पाया हमीं से था कभी जो बीज वर विज्ञान का।
उसको दिया है दूसरों ने रूप रम्योधान का।
हम किन्तु खो बैठे उसे भी जो हमारे पास था,
हाँ दूसरों की वृद्धि ये ही क्या हमारा ह्रास था।

(ख) मैं जीर्ण-साज बहु छिद्र आज
तुम सुदल सुरंग सुवास सुमन
मैं हूँ केवल पदतल आसन
तुम सहज विराजे महाराज।

http://www.onlineBU.com



(ग) कोई न छायादार
पेड़, वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
गुरु हथौड़ा हाथ
करती बार–बार प्रहार,
सामने तरू मालिका अट्टालिका प्राकार।

(घ) भूला दी सूलियाँ? जैसे सभी कुछ
जमाने को तालियों से पा लिया तुमने
न तुम बहले, न युग बहला, भले साथी
बताओ तो किसे बहला लिया तुमने।

(ङ) हम सागर के घवल हास हैं
जल के घूम गगन के घूल
अनिल फेन ऊषा के पल्लव
वारि वसन, वसुधा के मूल।

**इकाई - II**

**2.** मैथिलीशरण गुप्त जी की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 12

***अथवा***

''निराला की काव्यधारा छायावाद से प्रगतिवाद की ओर बही है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए।

***अथवा***

''माखनलाल चतुर्वेदी एक भारतीय आत्मा है।'' कथन को सोदाहरण विवेचित कीजिए।

http://www.onlineBU.com



## इकाई - III

**3.** अज्ञेय की प्रयोगवादी विचारधारा को सोदाहरण समाझाइए। 12

*अथवा*

पंत के काव्य विकास पर संक्षिप्त आलेख लिखिए।

## इकाई - IV

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5×3

(क) प्रगतिवाद की प्रमुख प्रवृत्तियाँ।

(ख) हरिऔध का साहित्यिक परिचय।

(ग) साहित्य में सुभद्रा कुमारी चौहान का स्थान निर्धारित कीजिए।

(घ) श्रीकान्त वर्मा की काव्य साधना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) नई कविता की प्रमुख विशेषताएँ।

## इकाई - V

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×15

(क) भारत भारती के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ख) 'तोड़ती पत्थर' के रचनाकार कौन थे?

(ग) मुक्तिबोध का पूरा नाम लिखिए।

http://www.onlineBU.com



(घ) पल्लव के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ङ) प्रयोगवाद के जनक किसे कहा जाता है?

(च) बावरा अहेरी किसकी रचना है?

(छ) छायावाद के तीन कवियों के नाम लिखिए।

(ज) द्वितीय तार सप्तक के प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(झ) 'ताज' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ञ) 'झांसी की रानी' कविता के कवियत्री का नाम लिखिए।

(ट) बच्चन के किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ठ) हरिऔध जी का पूरा नाम लिखिए।

(ड) प्रगतिवाद का जन्म कब से माना जाता है?

(ढ) साम्राज्ञी का नैवेद्यदान किसकी रचना है?

(ण) पंत जी के महाकाव्य का नाम लिखिए।

(त) 'हिमकिरीटनी' किसकी रचना है?

(थ) शोषक और शोषित किस वाद का विषय है?

(द) वसंत पंचमी के दिन किस साहित्यकार का जन्मदिन मनाया जाता है?

(ध) सरोजस्मृति निराला जी ने किसकी याद में लिखी?

(न) आधुनिक युग की मीरा किस कवियत्री को कहा जाता है?

———